Legal Awareness

FREQUENTLY ASKED QUESTIONS ABOUT LAW



For Student Legal Literacy Mission & Para-Legal Volunteer Scheme

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

मुख्य संरक्षक

माननीय न्यायमूर्ति श्री रंजन गोगोई

मुख्य न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

कार्यकारी अध्यक्ष

माननीय न्यायमूर्ति श्री आदर्श कुमार गोयल

न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

सदस्य सचिव

श्री हरिन्द्र सिंह भन्गू

जिला एवं सत्र न्यायाधीश

प्रकाशक:

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

एस.सी.ओ. 142–143, पहली मंजिल, सैक्टर 34 ए, चण्डीगढ़।

दूरभाष 0172–2604055, फैक्स 0172–2622875

ई–मेल: hslsa.haryana@gmail.com वैबसाईट: www.hslsa.nic.in

INDEX
(तालिका)

Sr. No.	Particulars	Page No.
1.	**First Information Report**	2-5
	प्रथम सूचना रिपोर्ट	
2.	**Arrest-Bail**	6-11
	गिरफ्तारी–जमानत	
3.	**Registration and Stamp Duty**	12-15
	पंजीकरण एंव स्टाम्प शुल्क	
4.	**The Hindu Marriage Act**	16-23
	हिन्दू विवाह अधिनियम	
5.	**The Child Marriage Restraint Act**	24-29
	बाल विवाह नियंत्रण अधिनियम	
6.	**The Special Marriage Act**	30-33
	विशेष विवाह अधिनियम	
7.	**The Hindu Succession Act**	34-41
	हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम	
8.	**The Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005**	42-47
	घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियिम, 2005	
9.	**Dowry related offences & the Dowry Prohibition Act**	48-53
	दहेज निरोधक अधिनियम	
10.	**Minority and Guardianship**	54-59
	नाबालिग का संरक्षण	

11.	**Maintenance for Women, Childrens and Parents Under Section 125 Cr.P.C.**	**60-61**
	धारा 125 सी.आर.पी.सी. के अन्तर्गत औरतों, बच्चों और माता-पिता के भरण पोषण का प्रावधान	
12.	**The Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act**	**62-63**
	वरिष्ठ नागरिकों व अभिभावकों की देखभाल व गुजारा भत्ता	
13.	**The Right to Information Act**	**64-71**
	सूचना का अधिकार	
14.	**MGNREGA**	**72-75**
	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)	
15.	**The Scheduled Caste and Sechduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act**	**76-83**
	अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989	
16.	**The Family Courts**	**84-85**
	पारिवारिक न्यायालय	
17.	**The Consumer Protection Act**	**86-89**
	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम	

सरल भाषा में –

कानूनी सवाल जवाब

FIRST INFORMATION REPORT

1. What is an FIR?

Ans. The First Information Report regarding commission of a cognizable offence is referred to as FIR. It is recorded by the police in register prescribed for that purpose by the State Government.

2. Who can lodge an FIR?

Ans. Any person who is victim of an offence or who is a witness to any such offence or who has knowledge about the commission of any such offence can lodge an F.I.R.

3. Difference between DDR and FIR?

Ans. First Information Report recorded by police regarding cognizable offence is referred to as FIR while the other reports recorded in daily diary register are referred as DDR.

4. What remedies are available in case of refusal by the police to record FIR?

Ans. In case of refusal by official at police station to record FIR, a written complaint can be sent by post to the Superintendent of Police concerned. The complainant can also directly approach the Judicial Magistrate having jurisdiction and file a complaint regarding the offence before the said Magistrate. The Magistrate can direct the police to investigate the case.

5. Whether the informer has to be present in person before the police for registration of FIR? Whether FIR can be got recorded on telephone, or through e-mail?

Ans. The FIR can be got recorded on telephone or even through e-mail and it is not necessary for the informer to be present personally before the police for registration of FIR.

प्रथम सूचना रिपोर्ट

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट क्या है ?

उतर न्यायिक कानूनी प्रक्रिया के तहत कोई भी वह अपराध या अपराधिक घटना जिसमें कानून के तहत सजा/जुर्माना हो सकता हो और ऐसी किसी भी अपराधिक घटना या अपराध के बारे सूचना प्राप्त होने पर जो मुकदमा दर्ज होता है वह प्रथम सूचना रिपोर्ट कहलाती है। जो कि राज्य सरकार के कानून के अनुसार विदित रजिस्टर में पुलिस कर्मी या अफसर द्वारा दर्ज किया जाता है।

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट कौन दर्ज करवा सकता है ?

उतर कोई भी वह व्यक्ति जो किसी भी अपराधिक घटना में त्रस्त हुआ हो अर्थात जिसके साथ कोई घटना घटित हुई हो या वह व्यक्ति जिसने इस प्रकार की किसी भी अपराधिक घटना को घटित होते देखा हो या किसी भी घटना के घटित होने बारे जानकारी रखता हो ऐसे व्यक्ति विशेष द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई जा सकती है।

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट व दैनिक डायरी में क्या अन्तर है?

उतर न्यायिक कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा/जुर्माना होने वाली किसी भी घटना बारे प्राप्त होने वाली सूचना पर पुलिस अधिकारी द्वारा भेजी जाने वाली सूचना पर जो मुकदमा दर्ज किया जाता है उसे प्रथम सूचना रिपोर्ट कहते है जबकि अन्य किसी प्रकार की घटनाओं को दैनिक रजिस्टर में दर्ज होने को दैनिक डायरी रिपोर्ट कहते हैं।

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से पुलिस द्वारा इन्कार करने पर अन्य क्या–क्या तरीके मुकदमा दर्ज करने के बारे में होते है ?

उतर पुलिस थाना में पुलिस कर्मचारी/अधिकारी द्वारा मुकदमा/प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से इन्कार करने पर, एक लिखित शिकायत/दरखास्त सम्बन्धित पुलिस अधिक्षक को डाक द्वारा भेजी जा सकती है। शिकायत को सम्बन्धित न्यायिक ईलाका मैजिस्ट्रेट/जज/न्यायिक अधिकारी के सामने भी पेश किया जा सकता है तथा उनके सामने एक लिखित शिकयत याचिका भी उस अपराध बारे दायर की जा सकती है। वह न्यायिक अधिकारी/जज, पुलिस को उस केस की छानबीन/तहकीकात/जाँच करने का आदेश दे सकता है।

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए मुदई/सूचनादाता का पुलिस के सामने उपस्थित होना आवश्यक है या नहीं ? या क्या प्रथम सूचना रिपोर्ट दूरभाष/टेलीफोन या ई–मेल/बेतार संदेश द्वारा भी दर्ज करवाई जा सकती है ?

उतर प्रथम सूचना रिपोर्ट दूरभाष या ई–मेल/बेतार संदेश द्वारा भी शिकायतकर्ता/मुदई द्वारा दर्ज करवाई जा सकती है, उस शिकायतकर्ता/मुदई का पुलिस के सामने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए उपस्थित होना जरूरी नहीं है।

6. What are the benefits of early recording of FIR?

Ans. The FIR should be got recorded as early as possible, after the offence in questions. The early recording of FIR helps in the arrest of the real offenders and also helps in the collection of evidence of the crime. The version given in the FIR recorded without undue delay is considered more reliable by the Courts. Delay in reporting the matter to the police can raise suspicion that the version may be colored or concocted or an exaggerated account of the incident or innocent persons may have been roped in. The reason for delay should also be explained in the F.I.R.

7. Whether FIR can be got recorded at any police station irrespective of where the offence took place.

Ans. Yes, the FIR can be got recorded at any police station, irrespective of where the offence took place.

8. Whether the complainant is entitled to get the copy of FIR free of charges?

Ans. Yes, complainant is entitled to get a copy of FIR, free of charges.

प्रश्न प्रथम सूचना रिपोर्ट को तुरन्त दर्ज करवाने के क्या फायदे होते हैं ?

उतर अपराध/घटना के घटित होते ही तुरन्त प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई जानी चाहिऐ तुरन्त प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने से असल अपराधी को गिरफ्तार/पकड़ने में सहायता मिलती है और घटना/अपराध से सम्बन्धित साक्ष्यों को एकत्रित करने में सहायता मिलती है। बिना किसी देरी के प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज/दिए गऐ तथ्यों जो कि उसमे दर्ज किए गऐ होते हैं को न्यायालय द्वारा ज्यादा विश्वसनीय माना जाता है। देरी से रिपोर्ट दर्ज करवाने पर ज्यादा शंका/शक उठाए जा सकते हैं कि घटना से सम्बन्धित दिए गये तथ्य नकली, झूठे तैयार किए हुए या घटना से सम्बन्धित ना हैं या किसी बेगुनाह व्यक्ति को घटना में फंसाया ना जा रहा हो। प्रथम सूचना रिपोर्ट में देरी का कारण भी लिखवाया जाना चाहिए।

प्रश्न क्या प्रथम सूचना रिपोर्ट, जहाँ पर घटना घटित हुई है उस क्षेत्र से सम्बन्धित पुलिस स्टेशन/थाना के अतिरिक्त अन्य किसी थाना/पुलिस स्टेशन में भी दर्ज करवाई जा सकती है?

उतर जी हाँ ! प्रथम सूचना रिपोर्ट किसी भी थाना में दर्ज करवाई जा सकती है। उस थाना में भी दर्ज करवाई जा सकती है जहाँ पर दोषी गिरफ्तार होता है।

प्रश्न क्या शिकायतकर्ता/मुदई प्रथम सूचना रिपोर्ट की कापी निःशुल्क प्राप्त कर सकता है?

उतर जी हाँ ! मुदई/शिकायतकर्ता प्रथम सूचना रिपोर्ट की कापी निःशुल्क प्राप्त कर सकता है।

ARREST-BAIL

1. What is the information which police is bound to give to the person being arrested.

Ans. At the time of arrest, the police must inform the arrested person of the reasons of his arrest. He must be forthwith informed the full particulars of the offence for which he is arrested or other grounds for such arrest. When a person is arrested for a bailable offence he shall be informed that he is entitled to be released on bail. The police is also bound to give the information of his arrest to any of his friends, relatives etc.

2. What are the provisions regarding handcuffing.

Ans. No person arrested is to be handcuffed unless there is clear danger of escape or violence. Even such a person can be handcuffed only till he is produced before a Magistrate. Thereafter, handcuffs can be applied only with permission of the Magistrate.

3. When any person is arrested and detained in custody and it appears that investigation cannot be completed within 24 hours, what steps have to be taken by the police?

Ans. Arrested person must be produced before a Magistrate within 24 hours of his arrest.

4. Whether the Police is bound to give information about the arrest of person to his relatives or friends or neighbors.

Ans. The Police is bound to give information about the arrest and place where the arrested person is being held to any of his friends, relatives or such other persons as may be disclosed or nominated by the arrested person for the purpose of giving such information.

5. Whether female can be arrested between sunsets and sunrise except with the permission of concerned Judicial Magistrate?

No female can be arrested between sunset and sunrise except with the permission of the concerned Judicial Magistrate.

6. What are the provision regarding Medical Examination of arrested person?

Ans. 1. At the time of arrest the police must examine the body of arrested person for any sign of grievous or simple injuries and should record said injuries in the memo.

गिरफ्तारी–जमानत

प्रश्न ***गिरफ्तारी के समय गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा क्या सूचना दी जानी आवश्यक है ?***

उत्तर गिरफ्तारी के समय पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के कारणों के बारे में सूचना दें एवं उसके तुरंत गिरफ्तार किए गए जुर्म की बाबत पुर्ण सूचना व गिरफ्तारी के कारण बताएं। यदि व्यक्ति जमानती अपराध में गिरफ्तार किया गया है तो उसे जमानत पर छोड़ने बारे बताए। इसके साथ–साथ पुलिस गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के मित्रों व स्वय संबंधित को भी सूचना देने के लिए बाध्य है।

प्रश्न ***हथकड़ी लगाने के क्या–क्या प्रावधान है ?***

उत्तर किसी भी गिरफ्तार व्यक्ति को तब तक हथकड़ी न लगाई जाए जब तक उसके द्वारा भागने का एवं हिंसक होने का स्पश्ट खतरा ना हो। ऐसा व्यक्ति जब तक उसे मैजिस्ट्रेट के समुख उपस्थित किया जावे उसे हथकड़ी में रखा जा सकता है, तत्प चात हथकड़ी केवल मैजिस्ट्रेट की अनुमति से ही लगाई रखी जा सकती है।

प्रश्न ***जब कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया जाता है या हिरासत में रखा गया हो और जांच 24 घंटे के अंदर पूर्ण ना हो सकती होव ऐसा प्रतीत हो कि जांच 24 घंटे में पूरी नहीं होगी तब पुलिस को क्या–क्या कदम उठाने चाहिए ?***

उत्तर गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर मैजिस्ट्रेट के समुख प्रस्तुत किया जाए।

प्रश्न ***क्या पुलिस गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के मित्रों या सगेसंबंधियों या पड़ोसियों को सूचना देने के लिए बाध्य है ?***

उत्तर पुलिस गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की गिरफ्तारी के स्थान एवं जहां उसे रखा गया है कि सूचना देने बारे उसके मित्रों, रिश्तेदार या ऐसे व्यक्तियों जिनका नाम गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया हो या गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा नामित किए गए हो, को भी सूचना देने के लिए बाध्य है।

प्रश्न ***क्या महिला सूर्यास्त होने के पश्चात और सूर्यादय होने से पहले, संबंधित न्यायिक मैजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना गिरफ्तार की जा सकती है ?***

उत्तर कोई महिला सूर्यअस्त होने के पश्चात और सूर्य उदय होने से पूर्व संबंधित न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना गिरफ्तार नहीं की जा सकती है।

प्रश्न ***गिरफ्तार व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच के क्या–क्या प्रावधान है ?***

उत्तर 1 गिरफ्तारी के समय, पुलिस को गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की भाारीरिक जांच अवश्य की जावे और उसके भारीर पर किसी प्रकार के निशान या गंभीर या साधारण चोट के बारे में गिरफ्तारी मैमो में अवश्य अंकित किया जावे।

2. The arrested person must be medically examined after every 48 hours by a registered medical practitioner employed in a hospital run by the Government or by local authority. When a person who is arrested, alleges, that the examination of his body will afford evidence which will disapprove the commission by him of any offence or which will establish commission by any other person of any offence against his body, the Magistrate shall direct the examination of the body of such person by a registered medical practitioner.

7. What are the rights of arrested persons to legal advice?

Ans. During investigation, the arrested person should be given permission to consult an advocate of his choice.

8. Whether the police can use coercive measures during investigation of an accused?

Ans. No, the police cannot use coercive measures during investigation of accused.

9. Whether the personal search of a female during investigation can be made by a male police official.

Ans. No, the personal search of a female during investigation of a case can only be made by a female official.

10. What are the provisions regarding bail when the investigation is not completed within 60/90 days.

Ans. When the investigation of a case is not completed within 60 or 90 days (as the case may be), the accused person shall be released on bail, if he is prepared to and does furnish bail.

11. What are bailable/non-bailable offences and what is the right of the accused for bail in such cases?

Ans. Non-bailable offences are more serious offences and the punishment for such offences is usually imprisonment of more than 3 years. Bailable offences are less serious offences where punishment prescribed is usually imprisonment of 3 years or less. In bailable offences, bail is a right of the accused. However, for non-bailable offences it is the discretion of the Court to admit the accused to bail, for which various circumstances are taken into consideration. These circumstances include gravity of offence, likelihood of the accused absconding and not facing the trial; the role attributed to the accused in the offence in question, the status and position the accused enjoys in the society etc.

2 गिरफ्तार व्यक्ति की आवश्यक रूप से स्वास्थ्य की जांच प्रत्येक 48 घंटे के अंतराल से, किसी सरकारी हस्पताल या स्थानीय निकाय में कार्यरत रजिस्टर्ड स्वास्थ्य अधिकारी से करवाई जाए। जब कोई गिरफ्तार व्यक्ति ऐसा कहे की उसकी भाारीरिक जांच होने से उसको अपराध से निर्दोश होना साबित हो सकता है या किसी अन्य द्वारा अपराध करना सिद्ध हो सकता है तो ऐसी दशा में न्यायिक दंडाधिकारी ऐसे व्यक्ति की भाारीरिक जांच किसी रजिस्टर्ड स्वास्थ्य अधिकारी से करवाने के निर्देश पारित करेगा।

प्रश्न गिरफ्तार व्यक्ति को कानूनी राय प्राप्त करने के क्या–क्या अधिकार है?

उत्तर जांच के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति को अपने चुनिन्दा वकील से राय करने की अनुमति दी जावे।

प्रश्न क्या पुलिस जांच के दौरान दोशी से बलपूर्वक तरीके अपना सकती है?

उत्तर नहीं, पुलिस जांच के दौरान अपराधी के प्रति बलपूर्वक तरीके नहीं अपना सकती।

प्रश्न क्या जांच के दौरान, किसी महिला की व्यक्तिगत तलाशी किसी पुरूश पुलिस अधिकारी द्वारा ली जा सकती है?

उत्तर नहीं, जांच के दौरान, किसी महिला की भाारीरिक तलाशी केवल महिला पुलिस अधिकारी द्वारा ही ली जा सकती है।

प्रश्न यदि जांच 60/90 दिनों के भीतर पूर्ण नहीं होती तो जमानत के क्या प्रावधान है?

उत्तर जब जांच 60/90 दिनों में पूर्ण नहीं होती तो जैसा Cr.P.C. में प्रावधान है। गिरफ्तार व्यक्ति को अवश्य जमानत पर छोड़ा जायेगा, यदि वह जमानत देने हेतु तैयार हो।

प्रश्न जमानती व गैर जमानती अपराध कौन से होते हैं, व उनमें दोषी को जमानत पाने का क्या अधिकार है?

उतर गैर जमानती अपराध गम्भीर रुप के होते हैं, जिनमें आमतौर पर सजा तीन साल या तीन साल से ऊपर की होती हैं। जमानती अपराध कम गम्भीर प्रवृति के होते हैं व इनकी सजा कानून में आमतौर पर तीन साल से कम होती हैं। जमानती अपराध में जमानत पाना दोषी का अधिकार है, जबकि गैर जमानती अपराधों में न्यायालय पर निर्भर करता है कि वे मुकद्में के सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए दोषी को जमानत दे या नहीं। जो तथ्य, न्यायालय को ध्यान में रखने होते हैं उसमें अपराध की गम्भीरता, दोषी की भागने की सम्भावना दोषी की अपराध में भूमिका, दोषी का समाज में रूतबा वा स्थान, शामिल हैं

12. What is the right of an indigent person for being released on personal bonds in bailable offences?

Ans. Where a person is accused of a bailable offence and he is an indigent person and is unable to furnish surety, then the Court shall, instead of taking bail from such person, discharge him on his executing a bond without sureties for his appearance. The Court shall presume that a person accused of bailable offence is an indigent person, where such person is unable to give bail within a week of the date of his arrest.

13. What are the provisions regarding release of persons who have undergone detention for a period extending upto one half of the maximum period of imprisonment specified for that offence.

Ans. Except offences where capital punishment has been specified as one of the punishments, under trial who has undergone detention for a period extending up to one half of the maximum period of imprisonment specified for that offence under that law, shall be released by the Court on his personal bond with or without sureties.

14. What are the provisions for release of person detained for more than the maximum period of imprisonment provided for the said offence?

Ans. No under trial shall in any case be detained for more than the maximum period of the imprisonment provided for the said offence under that law, and so has to be released from custody.

प्रश्न जमानती अपराध में वो दोषी जो अपनी गरीबी के कारण जमानत देने में अक्षम हैं उसके निजी बांड के आधार पर जमानत पर छुटने का क्या अधिकार है?

उतर जमानती अपराध का दोषी, अगर अपनी गरीबी के कारण अपना जमानती पेश नहीं कर सकता, उन परिस्थितियों में न्यायालय ऐसे व्यक्ति की जमानत लेने की बजाये, उस व्यकित को उसके निजी बांड के आधार पर छोड़ सकती है। इस कार्य के लिए किसी अन्य जमानती की आवश्यकता नहीं होगीं। न्यायालय, जमानती अपराधों में, उस व्यक्ति को गरीब मानेगी, जो गिरफ्तारी के एक सप्ताह के बीच में अपनी जमानत नहीं करवा पाया।

प्रश्न कानून में उन व्यक्तियों के लिए क्या प्रावधान है, जो मुकद्मे के दौरान अपराध के लिये अधिकतम निर्दिष्ट, सजा में से, आधा समय तक बन्द हवालात रहे हो?

उतर ऐसे अपराधों को छोड़कर, जिनमें सजा–ए–मौत का प्रावधान है, बाकि अपराधों में जहाँ अपराधी, अपराध के बाबत निर्दिष्ट सजा में से, आधा समय मुकद्मे के दौरान, बन्द हवालात रहा हो, उस व्यक्ति को न्यायालय उसके निजी बांड के आधार पर, या तो जमानती के साथ या बिना जमानती हवालात से छोड़ेगीं

प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में क्या प्रावधान है, जो किए गये अपराध की बाबत निर्दिष्ट सजा से ज्यादा मुकद्मे के दौरान, बन्द हवालात रहा हो?

उतर कोई भी विचाराधीन अपराधी, अपने किये गये अपराध बाबत निर्दिष्ट सजा से ज्यादा समय तक बन्द हवालात नहीं रखा जा सकता व न्यायालय द्वारा तुरंत हवालात से रिहा किया जाएगां

REGISTRATION AND STAMP DUTY

1. What are the benefits of registration of documents?

Ans. Registration of some documents like sale deeds of immovable property, is compulsory. The registration of other documents which are not required by law to be registered, is optional. Documents which are by law required to be registered carry a certificate of registration which is endorsed by the registering officer and is signed, sealed and dated by him. Such certificate endorsed on the document is admissible for the purpose of proving that the facts mentioned in the endorsement have occurred as therein mentioned. Hence, an endorsement by the sub-registrar on a registered document that its execution was admitted by the executant, is admissible for the purpose of proving that the executant admitted the execution of said document before sub-registrar. Similarly, endorsement regarding payment of consideration by the vendee to the vendor in presence of sub-registrar is admissible for proving the payment of consideration. Registration of a document is also a notice to the general public regarding the transaction in question.

2. What are the requirements of a valid Will and what are the benefits of getting a Will registered?

Ans. Every Will has to be attested by at least 2 witnesses. Registration of Will is optional. However, registered Will is usually considered more reliable as there are lesser chances of fabrication. Other benefits of registration of Will are same as in case of registration of other documents, discussed above.

3. Does a Will create any proprietary rights in the beneficiary before death of testator.

Ans. No, the proprietary rights accrue only after the death of the testator.

4. Whether Will can be got changed by the testator during his life time?

Ans. Yes, the testator can change his Will at any time during his life time.

5. What is a general power of attorney and a special power of attorney?

Ans. Special power of attorney is for a specific transaction whereas general power of attorney is the authority to execute or do any instrument or thing in and with his own name and signature, by the authority of the donor of the power, and every instrument or thing so executed and done, shall be as effectual in law as if it had been executed or done by the donor.

पंजीकरण एंव स्टाम्प शुल्क

प्रश्न दस्तावेज को पंजीकृत करवाने के क्या फायदे हैं?

उतर कुछ दस्तावेज जैसे कि अचल सम्पत्ति का बैयनामा, हिब्बानामा आदि को पंजीकृत करवाया जाना आवश्यक होता है। जो दस्तावेज कानून के मुताबिक पंजीकृत करवाने जाने आवश्यक नहीं है उनकी पंजीकृत करवाना या ना करवाना एच्छिक है। जो दस्तावेज कानून के मुताबिक पंजीकृत करवाने आवश्यक हैं उन पर पंजीकृत अधिकारी द्वारा पंजीकृत किये जाने का प्रमाण–पत्र जिस पर पंजीकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, मोहर व पंजीकरण की तारीख का इंद्राज दर्ज होता है।

प्रश्न एक वैध वसीयत की क्या आवश्यकता है व वसीयत को पंजीकृत करवाये जाने के क्या लाभ हैं?

उतर हर वसीयत किन्हीं दो गवाहन के द्वारा तसदीक होनी आवश्यक है। वसीयत को पंजीकृत करवाना एच्छिक है। पंजीकृत वसीयत को ज्यादा विश्वसनीय माना जाता है क्योंकि पंजीकृत वसीयत के साथ छल करने के मौके कम होते हैं व उस वसीयत को वैध तहरीर की परिकल्पना की जाती है। वसीयत को पंजीकृत करवाने के बाकी लाभ वही हैं जो कि दुसरे दस्तावेजों को पंजीकृत करवाने से प्राप्त होते हैं ।

प्रश्न क्या कोई वसीयत तहरीरकर्ता की मृत्यु से पहले जिसके नाम की गई हो, स्वामित्व अधिकार उत्पन्न करती है?

उतर नहीं। स्वामित्व के अधिकार तहरीरकर्ता की मृत्यु के बाद ही नामद को प्राप्त होते हैं।

प्रश्न क्या कोई तहरीरकर्ता अपने जीवन काल में अपनी वसीयत को बदल सकता है?

उतर हां, वसीयतकर्ता अपने जीवन काल में किसी भी समय अपनी वसीयत को बदल सकता है।

प्रश्न मुख्तयारनामा खास व मुख्तयारनामा आम क्या है?

उतर मुख्तयारनामा खास किसी खास कार्य को करने के लिये दिया जाता है जबकि मुख्तयारनामा आम तहरीरकर्ता की तरफ से उसके नाम पर कार्य को करने के लिये दिया जाता है और ऐसे सभी पत्र जो कि तहरीरकर्ता के द्वारा दी गये आदेश/अनुमति जो कि मुख्तयारनामा आम में दर्ज हैं, कानून की दृष्टि में तहरीरकर्ता के द्वारा तहरीर किये गये मानें जाते हैं और कानूनी दृष्टि से सही हैं।

6. Whether the power of attorney can be got cancelled and what is the procedure for cancellation.

Ans. Yes, power of attorney can be got cancelled unless it is an irrevocable power of attorney. Notice of such cancellation must be given to the attorney, otherwise any transaction carried out by the attorney without knowledge of cancellation can bind the owner.

7. When the possession of property is transferred at the time of agreement to sell, whether it would require registration of the agreement.

Ans. Yes, if possession of property is transferred at the time of agreement to sell then the agreement would require registration.

प्रश्न *क्या मुख्तयारनामा को रद्द किया जा सकता है और इसे रद्द करने की क्या विधि है?*

उतर हां, मुख्तयारनामा को रद्द किया जा सकता है यदि वह अपरिवर्तनीय मुख्तयारनामा है। ऐसी की रददता की सूचना मुख्तयार को दी जानी जरुरी है, अन्यथा मुख्तयार द्वारा बिना किसी रद्दता की सूचना के बिना किया गया कार्य सम्पादन मालिक पर पूर्ण रुप से बाध्य होता है।

प्रश्न *यदि किसी जायदाद का कब्जा इकरारनामा सौदा बैय के समय ही हस्तांतरित कर दिया जाता है, तो क्या वह इकरारनामा पंजीकृत होना अनिवार्य है?*

उतर हां, यदि किसी जायदाद का कब्जा इकरारनामा सौदा बैय के समय ही हस्तांतरित कर दिया जाता है, तो वह इकरारनामा पंजीकृत होना अनिवार्य है।

THE HINDU MARRIAGE ACT

1. Who are the persons governed by this Act?

Ans. All Hindus, Buddhists, Jains and Sikhs.

2. What should be minimum age of bride and bride-groom at the time of marriage?

Ans. Bride-18 years, Bride-groom-21 years.

3. What marriages are void and what marriages are voidable?

Ans.

Void Marriages	Voidable Marriages
Where it contravenes any one of the following conditions: a) Either party has a spouse living at the time of marriage. b) Parties are within prohibited relationship. c) Parties are sapindas of each other.	Marriage may be annulled by a decree of nullity on any of the following grounds: 1. Impotency of respondent. 2(a) Respondent was Incapable of giving a valid consent to marriage because of unsoundness of mind. (b) Respondent was suffering from mental disorder of such a kind or to such an extent as to be unfit for marriage and procreation of children. (c) Respondent was subject to recurrent attacks of insanity. 3 The consent of the petitioner was obtained by force or by fraud. 4 The respondent at the time of marriage was pregnant by some person other than the petitioner.

हिन्दू विवाह अधिनियम

प्रश्न यह अधिनियम किस–किस व्यक्ति पर लागू होता है ?

उतर (क) हिन्दू
(ख) बौद्ध
(ग) जैनी
(घ) सिख

प्रश्न विवाह के समय वर और वधू की कम से कम उम्र क्या होनी चाहिए ?

उतर वधू – 18 वर्ष और वर – 21 वर्ष

प्रश्न कौन से विवाह अमान्य हैं और कौन से अमान्यकरणीय हैं ?

अमान्य विवाह	अमान्यकरणीय विवाह
जहाँ निम्नलिखित में से किसी भी परिस्थिति की अवहेलना होती हो – क) विवाह के समय कोई भी पक्ष पहले से विवाहित नहीं होना चाहिए। ख) यदि दोनों पक्ष किसी निषिद्ध रिश्ते में हों ग) यदि दोनों पक्ष एक–दूसरे sapindas हों	निम्नलिखित के आधार पर डिक्री द्वारा विवाह अमान्य हो सकता है – 1) प्रतिवादी के नपुंसक होने की स्थिति में। 2) (क) यदि कोई पक्ष विवाह के लिए किसी मानसिक रोग के कारण सहमति देने में असमर्थ हो। (ख) यदि प्रतिवादी किसी ऐसे मनोविकार से पीड़ित है कि विवाह व बच्चे पैदा करने के लिए अयोग्य है। (ग) वह स्थिति जिसमें शादी के समय से प्रतिवादी पागलपन के आवर्ती दौरे से प्रभावित हो। 3) यदि याचिकाकर्ता की सहमति बल या धोखे से प्राप्त की गई हो। 4) यदि प्रतिवादी विवाह के समय याचिकाकर्ता के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति से गर्भवती हो।

4. What are the provisions regarding restitution of conjugal rights under Hindu Marriage Act?

Ans. When either spouse has withdrawn from the society of the other without any reasonable excuse, Court may pass a decree for restitution of conjugal rights.

5. What are the grounds on which divorce can be obtained under Hindu Marriage Act?

Ans. A petition for divorce may be filed after one year of the marriage. In case of exceptional hardship to the petitioner or of exceptional depravity on the part of the respondent, a petition may be allowed to be presented before one year.

Marriage may be dissolve by a decree of divorce on the following grounds:

1. Respondent had voluntary sexual intercourse with any person other than the spouse after the marriage.
2. Respondent has treated the petitioner with cruelty.
3. Respondent has deserted the petitioner for a continuous period of not less than two years.
4. Respondent ceased to be a Hindu.
5. Respondent has been incurably of unsound mind.
6. Respondent has been suffering from virulent and incurable form of leprosy.
7. Respondent has been suffering from venereal disease in a communicable form.
8. Respondent has renounced the world by entering any religious order.
9. Respondent not heard of as being alive for a period of seven years or more.

   <u>Either party may obtain divorce:</u>

10. On the ground that there was no resumption of cohabitation for period of one year or more after decree of judicial separation

प्रश्न हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए क्या प्रावधान हैं ?

उतर यदि एक पक्ष को दूसरे पक्ष के समाज से बिना किसी उचित बहाने के निकाल दिया गया हो, तो न्यायालय वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए डिक्री पास कर सकता है।

प्रश्न हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत किस आधार पर तलाक प्राप्त किया जा सकता है?

उतर विवाह के एक वर्ष पश्चात् तलाक के लिए याचिका दायर की जा सकती है। असाधारण कठिनाई या प्रतिवादी की ओर से असाधारण भ्रष्टता के केस में एक वर्ष से पहले तलाक याचिका प्रस्तुत करने की अनुमति दी जा सकती है। निम्नलिखित आधार पर तालाक के आदेश की डिक्री के द्वारा विवाह भंग हो सकता है –

(1) यदि विवाह के बाद अपने साथी के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति के साथ स्वैछिक संभोग किया हो।

(2) प्रतिवादी ने शादी होने के बाद से वादी के साथ क्रूरता का व्यवहार किया हो।

(3) यदि प्रतिवादी ने दूसरे पक्ष का परित्याग किया हो (कम से कम निरंतर दो साल के लिए)।

(4) यदि धर्म परिवर्तन के कारण प्रतिवादी हिन्दू न रहा हो।

(5) यदि प्रतिवादी अरोग्य पागलपन से पीड़ित हो।

(6) यदि प्रतिवादी उग्र व लाईलाज कुष्ठ रोग से पीड़ित हो।

(7) यदि प्रतिवादी संक्रामक यौन रोग से पीड़ित हो।

(8) यदि प्रतिवादी किसी धार्मिक गठन को अपनाकर दुनियादारी त्याग देता है।

(9) यदि प्रतिवादी के जीवित होने के बारे में सात वर्ष या उससे अधिक तक न सुना हो।

कोई भी पक्ष निम्नलिखित के आधार पर भी तलाक ले सकता है –

(10) यदि न्यायिक अलगाव की डिक्री के बाद एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि तक दोनों पक्षों के बीच सहवास न हुआ हो।

11. There has been no restitution of conjugal rights for a period of one year or more after decree for restitution of conjugal rights.

    Wife may also seek divorce on the following ground:

12. In case of marriage before 1955 act, the husband had married again before such commencement or that any other wife of the husband was alive at the time of solemnization of marriage of petitioner.

13. The husband, after marriage, has been guilty of rape, sodomy or bestiality.

14. Co-habitation not resumed for one year or more since passing of decree/order for maintenance against husband under Section 125 Cr.P.C or under Hindu Adoptions & Maintenance Act, 1956.

15. Marriage was solemnized when petitioner was below 15 years of age and she has repudiated the marriage, after attaining the age of 15 years, and before attaining the age of 18 years.

    Divorce under customary law is recognized under Section 29 of Hindu Marriage Act. Such custom and usage should have been continuously observed for a long time, having obtained the force of law among Hindus in any local area, Tribe, Community, groups or family. Rule should be certain and not opposed to public policy.

6. Whether a petition under Hindu Marriage Act cannot be filed within one year of the marriage?

Ans. Yes, a petition under Hindu Marriage Act cannot be filed within one year of the marriage except with the permission of the Court.

7. When can a person re-marry after passing of decree of divorce?

Ans. When a marriage has been dissolved by a decree of divorce and either there is no right of appeal against the decree or if there is such a right of appeal the time for appealing has expired without an appeal having been presented, or an appeal has been presented but has been dismissed, it shall be lawful for either party to marry again.

(11) यदि वैवाहिक अधिकारों की बहाली की डिक्री के एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि के बाद भी दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक अधिकारों की बहाली न हुई हो।

पत्नी निम्नलिखित आधार पर तलाक ले सकती है –

(12) 1955 के अधिनियम आरम्भ होने से पहले पति ने दोबारा विवाह कर लिया था या उसकी कोई अन्य पत्नी याचिकाकर्ता के विवाह के समय जीवित थी।

(13) यदि विवाह के बाद पति बलात्कार, गुदा मैथून या पाशविकता का अपराधी हो।

(14) धारा 125 के तहत या हिन्दू दत्तक और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत यदि पति के खिलाफ भरण–पोषण के आदेश पास होने के एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि तक सहवास न हुआ हो।

(15) यदि याचिकाकर्ता का 15 वर्ष की उम्र से पहले विवाह हुआ हो और यदि उसने 15 वर्ष से 18 वर्ष की उम्र के बीच में विवाह का खण्डन कर दिया हो।

प्रश्न रीति–रिवाजों के तहत तलाक?

उतर हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 29 रीति–रिवाज के तहत तलाक को भी मान्यता देती है परन्तु ऐसे रीति रिवाजों का अनुपालन एक लम्बे समय से लगातार होना चाहिए। यह नियम निश्चित होना चाहिए और सार्वजनिक नीति के विरुद्ध नहीं होना चाहिए।

प्रश्न क्या हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत विवाह के एक वर्ष के भीतर याचिका दायर नहीं की जा सकती?

उतर हाँ, अदालत की अनुमति के अलावा, हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत विवाह के एक वर्ष के भीतर याचिका दायर नहीं की जा सकती।

प्रश्न तलाक की डिक्री के पास होने के बाद व्यक्ति कब दूसरा विवाह कर सकता है?

उतर जब तलाक की डिक्री के द्वारा विवाह को भंग किया जाता है, उसके बाद यदि डिक्री के खिलाफ अपील करने का अधिकार न हो और यदि अपील करने के अधिकार का समय समाप्त हो गया हो और यदि अपील प्रस्तुत की गई हो किन्तु अपील को खारिज कर दिया गया है, तो किसी भी पक्ष के लिए दोबारा विवाह करना वैध होगा।

8. What are the provisions regarding grant of interim maintenance?

Ans. Where it appears to Court that the wife or the husband, as the case may be, has no independent income sufficient for his/her support and the necessary expenses of the proceedings, it may grant interim maintenance to the applicant.

9. What are the provision regarding permanent alimony?

Ans. At the time of passing of decree or at any time subsequent thereto the Court on application made by either party, order that the other party shall pay to the applicant for his/her maintenance and support, a gross sum or such monthly or periodical sums as may seem to the Court to be just.

10. Which Authority is competent to grant the decree of divorce and what is the procedure to be followed?

Ans. The petition for divorce is to be filed before the District Court:-

1. Where the marriage was solemnized.
2. Where respondent resides.
3. Where the parties to the marriage last resided together.
4. In case the wife is the petitioner, where she is residing on the date of presentation of petition.

11. Are customary marriages such as Kreva marriage valid?

Ans. The Hindu Marriage can be solemnized in accordance with customary rights and ceremonies of either party thereto. So, customary marriages such as Kreva marriages, where such customs are recognized can be a valid marriage if there is no violation of any other provision of the Act.

प्रश्न क्या इस अधिनियम के अन्तर्गत अन्तरिम गुजारा–भता का प्रावधान है ?

उतर यदि न्यायालय को लगे कि पति या पत्नी की ऐसी स्वतंत्र आय नहीं है उसका गुजारा हो सके और केस के आवश्यक खर्च सहन कर सके, तो आवेदक को अन्तरिम गुजारा भता दिया जा सकता है।

प्रश्न क्या स्थाई तौर पर निर्वाह–व्यय पाने के लिए प्रावधान हैं ?

उतर दावा पारित करने के समय या उसके बाद किसी पक्ष के आवेदन पर, न्यायालय आदेश पारित कर सकता है कि दूसरा पक्ष आवेदक को निर्वाह–व्यय के लिए एक सकल राशि देगा, या मासिक या एक निश्चित अन्तराल पर भुगतान करेगा, जैसा न्यायालय की दृष्टि में उचित हो।

प्रश्न कौन सा प्राधिकरण तलाक की डिक्री देने में सक्षम होता है और क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ?

उतर तलाक के लिए उस जिला अदालत में याचिका दी जा सकती है –

क) जहाँ विवाह हुआ था।

ख) जहाँ प्रतिवादी रहता है।

ग) जहाँ पति और पत्नी दोनों विवाह के समय साथ रहते थे।

घ) यदि पत्नी याचिकाकर्ता है वह याचिका की प्रस्तुति के दिन जहाँ पर रह रही हैं।

प्रश्न क्या रिवाज के अनुकूल होने वाले विवाह, जैसे क्रेवा विवाह, मान्य हैं ?

उतर हिन्दू विवाह किसी एक पक्ष के रीति–रिवाजों के अनुसार किया जा सकता है। इसलिए प्रथागत विवाह, जैसे क्रेवा विवाह, मान्य विवाह हैं जहाँ ऐसे रिवाज मान्य हैं और यदि अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन न हो।

THE CHILD MARRIAGE RESTRAINT ACT

1. What should be the minimum age of bride and bride-groom at the time of marriage?

Ans. Bride-18 years, Bride-groom-21 years

2. What are the various offences under this Act and the punishment prescribed for such offences and whether the parties to the Child Marriage can also be punished?

Ans. Punishment for performing child Marriage.

Where a bridegroom, who is above 18 years of age, has married with a girl who is below 18 years of age, the bridegroom can be sentenced to rigorous imprisonment up to 2 years and/or fine of upto Rs.1 lakh.

All such persons, who perform, conduct, or direct or abet any child marriage, may be sentenced to rigorous imprisonment up to 2 years and/or fine of upto Rs.1 lakh.

Where a child contracts a child marriage, any person having charge of the child, whether as parent or guardian or any other person or in any other capacity, lawful or unlawful, including any member of an organization or association of persons who does any act to promote the marriage or permits it to be solemnised, or negligently fails to prevent it from being solemnized, including attending or participating in a child marriage, shall be punishable with rigorous imprisonment which may extend to two years and shall also be liable to fine which may extend upto Rs.1 lakh.

Provided that no woman shall be punishable with imprisonment.

It shall be presumed, unless and until the contrary is proved, that where a minor child has contracted a marriage, the person having charge of such minor child has negligently failed to prevent the marriage from being solemnised.

Offences punishable under this Act are cognizable and non-bailable.

बाल विवाह नियंत्रण अधिनियम

प्रश्न विवाह के समय वर और वधू की कम से कम उम्र क्या होनी चाहिए ?

उतर वधू – 18 वर्ष और वर – 21 वर्ष

प्रश्न इस अधिनियम के तहत विभिन्न अपराध और उनकी विभिन्न सजाएं क्या हैं और क्या बाल विवाह कराने वाले पक्षों को भी सजा दी जा सकती है ?

- यदि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लड़के का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ होता है तो लड़के को 2 साल सश्रम कारावास और/या एक लाख रूपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।
- ऐसे सभी व्यक्ति जो बाल विवाह करते हैं या करवाने में भूमिका निभाते हैं उन्हें 2 साल सश्रम कारावास और/या एक लाख रूपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।
- यदि कोई माता-पिता, बच्चे के अभिभावक, या कोई अन्य व्यक्ति किसी भी क्षमता से, वैध या अवैध रूप से या किसी भी ऐसी संस्था के सदस्य की मदद से जो बाल विवाह करवाती हो, बाल विवाह करने के दोषी हों या किसी भी बाल विवाह समारोह में भाग लेते हों, तो वे 2 वर्ष तक सश्रम कारावास के भागी होंगे और साथ में जुर्माना एक लाख रूपये तक हो सकता है।
- इस अधिनियम के तहत किये गये अपराध गैर जमानती होते हैं।

3. What steps can be taken to stop or prevent solemnization of Child Marriages and the powers of Court to issue injunction order for prohibiting a Child Marriage?

Ans.

1. A Child Marriage Prohibition Officer may file application, or any person/NGO having information about the likelihood of solemnization of child marriage, may file a complaint giving this information to the Metropolitan Magistrate/Judicial Magistrate Ist Class.

2. The said Court can pass an injunction order restraining such marriage. Whoever knowing that an injunction has been issued against him disobeys such injunction shall be punishable with imprisonment of either description for a term which may extend to two years or with fine which may extend to one lakh rupees or with both.

   Provided that no woman shall be punishable with imprisonment.

   Any child marriage solemnised in contravention of an injunction order issued under section 13, whether interim or final, shall be void *ab initio*.

3. The District Magistrate may take any step for restraining a child marriage.

3. The information regarding child marriage may also be given in the police station.

4. Is the Child Marriage voidable at the option of the contracting parties and what is the limitation for filing such petition?

Ans. Voidable Marriage

The child marriage is voidable. Any party to a child marriage, who was a 'child' at the time of such marriage, may file a petition before the District Court for annulling this marriage. Such petition has to be filed by such party before expiry of two years of his/her attaining the majority.

प्रश्न बाल विवाह रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं और बाल विवाह रोकने के लिए न्यायालय को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

उतर क) बाल विवाह निषेध अधिकारी या कोई भी व्यक्ति या कोई गैर सरकारी संगठन जिसे बाल विवाह होने की जानकारी हो, महानगरीय मैजिस्ट्रेट/1st क्लास मैजिस्ट्रेट के पास शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

ख) न्यायालय ऐसे बाल विवाह को रोकने के लिए निषेधाज्ञा जारी कर सकता है। जिसको यह पता हो कि उसके विरूद्ध आदेश जारी हुऐ हैं और वह उस आदेश की अवहेलना करे तो वह इसके लिए दण्ड का भागीदार होगा और इसकी सजा दो वर्ष तक हो सकती है या एक लाख रूपये जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बशर्ते कि किसी भी महिला को कारावास की सजा नहीं होगी।

यदि कोई बाल विवाह धारा 13 के अन्तर्गत पारित ओदश के खिलाफ हो, तो वह अमान्य होगा, चाहे वह आदेश अंतरिम या अंतिम हो।

ग) बाल विवाह रोकने के लिए जिला मैजिस्ट्रेट कोई भी कदम उठा सकता है।

घ) बाल विवाह की सूचना पुलिस थाने में भी दी जा सकती है।

प्रश्न क्या बाल विवाह पक्षों की इच्छानुसार अमान्यकरणीय हैं और इसके लिए याचिका दायर करने के लिए क्या सीमा है ?

उतर **अमान्यकरणीय विवाह** – बाल विवाह अमान्यकरणीय है। कोई भी पक्ष जो कि विवाह के समय बाल उम्र में था, वह जिला न्यायालय में उस विवाह को खत्म करने के लिए याचिका दायर कर सकता है। ऐसी याचिका उस पक्ष द्वारा उसके बालिग होने के बाद दो वर्ष के अन्दर दायर करनी होती है।

5. Who is a Child Marriage Prohibition Officer and what are his duties?

Ans. A Child Marriage Prohibition Officer for any particular area in the State can be appointed by the State Government. Presently the protection officers appointed under "Protection of Women from Domestic Violence Act" are performing the duties of Child Marriage Prohibition Officers in their respective districts. Following are the duties of the Child Prohibition Officer:

a) to prevent solemnization of child marriages by taking such action as he may deem fit;

b) to collect evidence for the effective prosecution of persons contravening the provisions of this Act;

c) to advise either individual cases or counsel the residents of the locality generally not to indulge in promoting, helping, aiding or allowing the solemnization of child marriages;

d) to create awareness of the evil which results from child marriages;

e) to sensitize the community on the issue of child marriages;

f) to furnish such periodical returns and statistics as the State Government may direct; and

g) to discharge such other functions and duties as may be assigned to him by the State Government.

प्रश्न बाल विवाह निषेध अधिकारी कौन होता है और उसके क्या कर्तव्य होते हैं ?

उतर राज्य के किसी भी विशेष क्षेत्र के लिए बाल विवाह निषेध अधिकारी को राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। इस समय, "घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम" के अन्तर्गत नियुक्त संरक्षण अधिकारी अपने सम्बन्धित जिलों में बाल विवाह निषेध अधिकारी के कर्तव्यों को निभा रहे हैं। बाल विवाह निषेध अधिकारी के निम्नलिखित कर्तव्य होते हैं –

क) बाल विवाह रोकने के लिए कार्यवाही करना;

ख) इस अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के प्रभावी अभियोजन के लिए सबूत जुटाना।

ग) इलाके के निवासियों को बाल विवाह को बढ़ावा देने, मदद करने, सहायता देने या अनुमति देने के खिलाफ सलाह देना।

घ) बाल विवाह से होने वाली हानियों के बारे जागरूक करना।

ड.) बाल विवाह के मुद्दे पर समुदाय को संवेदनशील बनाना।

च) राज्य सरकार द्वारा निर्देशित नियतकालिक आँकड़े जुटाना।

छ) राज्य सरकार द्वारा उसे दिए गए दूसरे अन्य कार्य व कर्तव्यों को करना।

THE SPECIAL MARRIAGE ACT

1. Who are persons governed by this Act?'

Ans. Any person in India and all Indian nationals in foreign countries.

2. What should be the minimum age of bride and bride-groom at the time of marriage?

Ans. Bride-18 years, Bride-groom-21 years

3. What are the other conditions for a valid marriage under this Act?

Ans.

1. Any two persons belonging to different religions may marry under this Act without changing their religions.
2. Neither party should have a spouse living at the time of marriage. Widow, widower and a divorcee may perform marriage under this Act.
3. Neither party should be incapable of giving a valid consent in consequence of unsoundness of mind.
4. Neither party should be suffering from mental disorder of such a kind or to such an extent as to be unfit for marriage and procreation of children.
5. Neither party should be suffering from incurable insanity.
6. Parties should not be within degrees of prohibited relationship.
7. Age:

   Bridegroom: 21 years.

   Bride: 18 years.

4. Which Authority is competent to solemnize marriage and the procedure for solemnization and registration of marriage under this Act?

Ans.

1. No religious ceremonies are required.
2. The marriage is performed by Marriage Officer appointed by the Government.
3. Parties to the marriages shall give notice to Marriage Officer in the prescribed performa.
4. Marriage Officer enters this information in the Register maintained by him and a public notice of this information is given by the Marriage Officer.

विशेष विवाह अधिनियम

प्रश्न यह अधिनियम किन व्यक्तियों पर लागू होता है ?

उतर भारत में रहने वाला कोई भी व्यक्ति और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीय।

प्रश्न विवाह के समय वर और वधू की कम से कम उम्र क्या होनी चाहिए ?

उतर वधू – 18 वर्ष और वर – 21 वर्ष

प्रश्न इस अधिनियम के तहत एक मान्य विवाह के लिए क्या शर्तें हैं ?

उतर क) इस अधिनियम के तहत किसी भी धर्म को मानने वाले कोई भी दो व्यक्ति बिना अपना धर्म बदले विवाह कर सकते हैं।

ख) विवाह के समय कोई भी पक्ष विवाहित नहीं होना चाहिए। इस अधिनियम के तहत विधवा, विदुर और तलाकशुदा भी शादी कर सकता/सकती है।

ग) कोई भी पक्ष विवाह के लिए अयोग्य और सहमति देने में मानसिक तौर पर असमर्थ नहीं होना चाहिए।

घ) कोई भी पक्ष किसी ऐसे मनोविकार से पीड़ित नहीं होना चाहिए कि वह विवाह व बच्चे पैदा करने के लिए अयोग्य हो।

ङ) किसी भी पक्ष को पागलपन के दौरे न पड़ते हों।

च) दोनों पक्ष आपस में किसी निषिद्ध रिश्ते में नहीं होने चाहिए।

छ) लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

प्रश्न इस अधिनियम के तहत विवाह करवाने और विवाह को पंजीकृत करवाने के लिए कौन सा प्राधीकरण सक्षम है और विवाह की क्या प्रक्रिया है ?

क) कोई धार्मिक रस्म जरूरी नहीं हैं।

ख) सरकार द्वारा नियुक्त वैवाहिक अधिकारी द्वारा शादी सम्पन्न करवाई जाती है।

ग) विवाह करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा वैवाहिक अधिकारी को एक निर्धारित फार्म में सूचना देनी होती है।

घ) वैवाहिक अधिकारी इस सूचना को एक रजिस्टर में दर्ज करता है। वैवाहिक अधिकारी इस जानकारी की सार्वजनिक सूचना देता है।

5. The Marriage is to be performed after 30 days of this public notice and before expiry of two months from issue of notice.

6. Before marriage the applicants and three witnesses shall sign a declaration in the form specified.

7. Marriage shall not be complete and binding unless each party says to the other in presence of Marriage Officer and three witnesses "I (A) take thee (B) to be my lawful wife/husband (in any language understood by the parties)"

8. The marriage is thus completed and recorded in a book kept for that purpose. The entry is signed by the applicants and the witnesses.

5. Grounds of divorce under this Act?

